# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय (वि0/याँ0)
उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), ग्वालियर रोड, झाँसी (उ.प्र.)
**Email. ID – cdupjn.emjhansi@gmail.com**

दिनांक– **15.07.2026**

# रिपोर्ट

दैनिक भास्कर, दैनिक अखबार में दिनांक 09.07.2026 को प्रकाशित खबर **'ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन'** विषयक अवगत कराना है कि जनपद–ललितपुर की जल जीवन मिशन रेट्रोफिटिगं कार्यक्रम अन्तर्गत फर्म मे0 हिन्दुस्तान इंजीनियरिगं प्रा0लि0 लखनऊ द्वारा ब्लाक–मडावरा अन्तर्गत बरई में सोलर ड्यूल पम्प का निर्माण कार्य किया गया है जो चटट्रानी क्षेत्र में होने के कारण भूगर्भ जल स्त्रोतों से पर्याप्त जल स्त्राव न होने (ड्राई/असफल) से दूसरे प्रस्तावित कार्यस्थल जिसमें ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधान की सहमति से पूर्व निर्मित निष्क्रिय हैण्डपम्प के बोर का उपयोग किया गया है। वर्तमान में पूर्व प्रधान द्वारा द्वेषभावना से ओत–प्रोत होकर राजनीतिक लाभ लेने की मंशा से जलापूर्ति बाधित करा दी गयी है। अद्यतन स्थिति में फर्म द्वारा दूसरे प्रस्तावित स्थल पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, सोलर ड्यूल पम्प अधिष्ठापन की कार्यवाही कर अविलम्ब पुनः जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

**(सुधीर कुमार)**
सहायक अभियन्ता

**(जे0के0 गुप्ता)**
अधिशासी अभियन्ता